हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 आंदोलन फिलहाल स्थगित, बोले निष्पक्ष...



07 कढ़ी-चावल खाने से 49 छात्र-छात्राएं बीमार...



## खबर संक्षेप में

### खातों में 4 महीने से नहीं आ रही पेंशन

**मंदसौर।** दिव्यांग, वृद्ध, विधवा एवं अनेक प्रकार की पेंशन, जिनका सरकार ने प्रावधान किया है, पिछले 4 महीने से मंदसौर नगर के लगभग 8,000 हितग्राहियों के खाते में नहीं आ रही है। जब ये हितग्राही बैंक में जाते हैं, तो बैंक द्वारा इन्हें नगरपालिका जाने को कह दिया जाता है। लेकिन वहां भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाता है। जबकि 'लाडली बहना' की सभी किश्तें समय पर उन्हें प्राप्त हो रही हैं। समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने यह मुद्दा उठाते हुए एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि जब हितग्राही नगर पालिका जाते हैं, तो उन्हें कहा जाता है कि पोर्टल बंद है। तो क्या पिछले 4 महीने से लगातार पोर्टल बंद रह सकता है..? यह भी कहते हैं कि अपडेट होने का काम चल रहा है। हम एक तरफ तो अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को पा रहे हैं और गरीब लोगों की पेंशन के पोर्टल को हम 4 महीनों तक अपडेट नहीं कर पा रहे हैं, यह कहां का न्याय है? श्री बंसल ने कहा कि सरकार को चाहिए कि तुरंत प्रभाव से, जो विभिन्न पेंशन धारकों के खाते में 4 महीने से पेंशन नहीं आई है, अतिशीघ्र उनके खाते में डाले। अनेक लोग ऐसे हैं जो पेंशन के सहारे हैं। यह 600 जो पेंशन आती है, तो वे उसे ही भगवान समझते हैं। अनेक वृद्ध हमेशा आकर अपना दुखड़ा नगर पालिका के कर्मचारियों के आगे, बैंक कर्मचारियों के आगे और जनप्रतिनिधियों के आगे रो रहे हैं।

### यादव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा 19 को

**मंदसौर।** जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के प्रवक्ता प्रवीण मांगरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सदाशिव यादव एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर दिनांक 19 जुलाई (रविवार) को जिले के विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:00 बजे सुवासरा में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, जिला मंदसौर द्वारा आयोजित दो दिवसीय ₹सर्वोदय संकल्प शिविर₹ के समापन समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:00 बजे शामगढ़ ब्लॉक के चंदवासा मंडलम में आयोजित पंचायत कमेटी सत्यापन एवं ब्लॉक स्तरीय संगठनात्मक बैठक में भाग लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

### अ.जा कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक

# सभी छात्रावासों में शत-प्रतिशत सीटों पर बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करें: मालवीय

**विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाते समय ही आधार अपडेशन एवं लिंकेज करवाए-अ.जा आयोग**

**अ.जा. आयोग के सदस्य ने आगर-मालवा में की विभागीय समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय ने आगर-मालवा के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर प्रीति यादव, एसपी दिलीप कुमार सोनी, एडीएम आरपी वर्मा, जि.पं. सीईओ बी.एस सोलंकी, सभी एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के सदस्य श्री मालवीय ने जिले में संचालित अ.जा. छात्रावासों में निर्धारित सीट, विद्यार्थियों का प्रवेश एवं रिक्त सीटों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि इस सत्र में सभी छात्रावासों में निर्धारित सभी सीटों पर प्रवेश दिलाया जाए। उन्होंने अ.जा. कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शालाओं और घर-घर संपर्क अभियान चलाकर छात्रावासों की सभी सीटों पर विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें। आयोग के सदस्य ने अ.जा. अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या और उन पर की गई कार्यवाही, राहत स्वीकृति आदि की भी जानकारी ली। आयोग के सदस्य श्री मालवीय ने कहा कि अ.जा. वर्ग के विद्यार्थियों की आधार लिंकेज, अपडेशन आदि कारणों से लंबित छात्रवृत्ति का त्वरित भुगतान करवाया जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में अ.जा. अत्याचार निवारण राहत योजना के तहत वर्ष 2025-2026 में 127 प्रकरणों में 93.70 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राहत स्वीकृति का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है।

सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत 8 प्रकरणों में 1.65 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। अंतरजातीय विवाह योजना के तहत 8 प्रकरणों में 16 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि भुगतान की गई है। अ.जा. आयोग के सदस्य श्री मालवीय ने आयोग में लंबित शिकायतों के बारे में एक-एक प्रकरण पर चर्चा कर उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग को भेजने के लिए लंबित प्रतिवेदन अविलंब भेजे। उन्होंने आयोग से प्रेषित लंबित सभी प्रकरणों में एक सप्ताह में जांच पूरी कर प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में आयोग के सदस्य श्री मालवीय ने अनुसूचित जाति हितग्राहियों के लिए बस्ती विकास योजना के तहत विद्युतीकरण के लंबित प्रकरणों का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा सभी स्वरोजगार योजनाओं मे लक्ष्य से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों को स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश सभी विभागों को दिए। कलेक्टर यादव ने आयोग को आश्वस्त किया कि सभी प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही पूर्ण कर, एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित कर दिया जाएगा। जिला संयोजक शेखर उईके ने बैठक के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया।

### प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

## मालवीय ने मां बगलामुखी देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के प्रवास के दौरान जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र शक्तिपीठ मां पीतांबरा बगलामुखी देवी मंदिर, नलखेड़ा में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश एवं जिले वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना भी की। इस अवसर पर श्री मालवीय ने मंदिर परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा नलखेड़ा में अनुसूचित जाति द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण भी किया और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पद्मश्री सम्मानित मोहन नागर ने सरस्वती विद्या मंदिर में किया पौधारोपण



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं पद्मश्री सम्मानित मोहन नागर द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पद्मश्री सम्मान प्राप्त होने पर पुष्पमाला पहनाकर एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में समिति के गोविंद वेदिया, अरविंद सिंघवी, मनोज फाफरिया, प्राचार्य ईश्वर सोलंकी सहित आचार्य परिवार उपस्थित रहा। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### अपनी ही पार्टी के खिलाफ खोला मोर्चा, लगाए आरोप

## संगठन में जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा को लेकर कांग्रेस विधायक हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





आगर मालवा जिले में सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में किसान मोर्चा की घोषित कार्यकारिणी कुछ ही घंटों में निरस्त होने के बाद अब कांग्रेस की गुटबाजी भी खुलकर सामने आ गई है। सुसनेर से कांग्रेस विधायक भेरूसिंह परिहार ने संगठन में जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा को लेकर अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदेश नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जरूरत पड़ी तो पार्टी छोड़ने का फैसला भी कर सकते हैं। शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के आगर मालवा दौरे के दौरान कांग्रेस की अंदरूनी कलह सार्वजनिक हो गई। सुसनेर विधायक भेरूसिंह परिहार ने आरोप लगाया कि उन्हें राहुल भैया के कार्यक्रम की कोई सूचना नहीं दी गई। उनका कहना है कि जब उन्होंने फोन पर राहुल भैया से बात की तो मिलने से भी इनकार कर दिया गया। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कुछ नेता ही कांग्रेस की सरकार बनने नहीं देना चाहते और संगठन में जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा हो रही है। मंच से बोलते हुए विधायक परिहार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं होगा तो उन्हें बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उनके इस बयान के बाद जिले की कांग्रेस में सियासी हलचल तेज हो गई। इस दौरान आयोजित कांग्रेस की बैठक में जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े, वल्लभ अंबावतीया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। आगर मालवा जिले में लगातार दूसरे दिन राजनीतिक दलों की अंदरूनी खींचतान सुर्खियों में रही। एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी में किसान मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद उसे निरस्त कर दिया गया था।



### नेत्र जांच शिविर में 91 मरीजों की जांच

**नलखेड़ा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुदरावन में नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में शुक्रवार को हुआ। जिसमें 91 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमे से 23 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को बस द्वारा आनंदपुर ले जाया गया जहाँ निशुल्क ऑपरेशन कर गुदरावन छोड़ा जाएगा। शुक्रवार को आयोजित नेत्र जांच शिविर में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर से आये चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। ग्राम गुदरावन में यह 24 वां नेत्र जांच शिविर था।

### न्यायालय परिसर में 'पंच-ज' अभियान के तहत पौधारोपण

## प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभानी चाहिए: न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डी.एस. चौहान के निर्देशानुसार 'पंच-ज' अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर आगर-मालवा में फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.एस. चौहान ने कहा कि 'पंच-ज' अभियान का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल, जमीन, एवं जन, आदि का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण कर उसके संरक्षण में सहभागिता निभानी चाहिए।न्यायालय परिसर में रोपित किए गए पौधों की देखरेख एवं संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने न्यायालयीन कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर द्वितीय जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अश्विनी सिंह, व्यवहार न्यायाधीश मोनिका यादव, व्यवहार न्यायाधीश प्रियंका चौहान, सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उन्हें सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

### कलेक्टर तथा एसपी ने रोड किनारे के ढांबों की जांच के निर्देश दिए

**मंदसौर।** जिले में सडकों के किनारे विशेष रूप से हाईवे पर मौजूद ढाबों की सघन जांच की जाये। कोई भी गैर कानुनी गतिविधि पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उक्त जानकारी शुक्रवार को नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थ उनमुलन पर आयोजित बैठक में दी गई। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में नशा मुक्ति एवं पीएम राहत योजना की समीक्षा बैठक में की गई। बैठक में डीएफओ श्री संजय रायखरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री बघेल एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शिक्षा विभाग प्रतियोगिताएं आयोजित करें। ट्रांसपोर्टेशन में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगे हो एवं परिवहन अधिकारी ओचक निरीक्षण करें। पीएम राहत योजना में जितने भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति आते हैं उनकी पोर्टल पर एंट्री अनिवार्य करें मोबाइल नंबर भी लिखें। इस दौरान रोड स्पॉट सर्वाधिक दुर्घटना वाले स्थानों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

**दलोदा( मंदसौर)।** शासकीय महाविद्यालय दलोदा में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एवं प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य के मार्गदर्शन में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना तथा बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ प्रभारी एवं मुख्य वक्ता मेनाज बी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक डिग्री ही सफलता की गारंटी नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा नवाचार की सोच भी समान रूप से आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास युवाओं को रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करता है। यदि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप कौशल विकसित करें, तो वे आत्मनिर्भर बनकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों, डिजिटल तकनीकों, उद्यमिता तथा नवाचार से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का युग कौशल आधारित शिक्षा का है। प्रत्येक युवा को निरंतर सीखने, अपने कौशल को अद्यतन रखने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि रावल पालरिया ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम में प्रो. गोविंद राठौर सहित महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की तथा विशेषज्ञों के विचारों से प्रेरणा ली। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### नूतन स्कुल में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 150 विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री की वितरित

# 'भविष्य में आगे बढ़ना है तो खूब मन लगाकर पढ़ाई करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा मंदसौर द्वारा पाठ्य सामग्री नोटबुक वितरण का विशाल कार्यक्रम स्थानीय नूतन स्कूल के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जहां पर मिडिल से हाई स्कूल तक के सभी विद्यार्थियों को 400 से अधिक नोटबुक रजिस्टर वितरित किए गए। समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री ब्रजेश जोशी, मारवाड़ी मंच के प्रदेश समन्वयक एवं नेशनल मीडिया फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष जगदीशचंद्र चौधरी थे। अध्यक्षता मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा अध्यक्ष एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष रानी अनिल अग्रवाल ने की ' समारोह में स्कुल प्राचार्य प्रीति जैन, भी मंचस्थ थे 'इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम नहीं है बल्कि सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों तक मारवाड़ी युवा मंच द्वारा निःशुल्क पुस्तक पहुंचाने का यह संकल्प सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है ' आपने कहा कि आज की संस्कृति में विद्या दान महादान माना गया यह अभियान उसी परंपरा का जीवंत उदाहरण है। श्री सिसोदिया ने कहा कि आज के इस दौर में शिक्षा अति आवश्यक है, बच्चा पढ़ लिख कर आगे बढ़ेगा तभी वह अपना और देश का भविष्य बना पाएगा' बगैर शिक्षा के व्यक्ति का जीवन अधूरा है यदि अपना जीवन अच्छा करना है और भविष्य में आगे बढ़ना है तो बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए।

मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश समन्वयक श्री नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के माध्यम से मंदसौर शहर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में अनेक सेवा गतिविधियां संचालित की जा रही है शिक्षा का क्षेत्र हो , स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या अन्य कोई क्षेत्र हो जब जहां जिसको जैसी जरूरत होती है मारवाड़ी मंच उस समय उस जरूरतमंद व्यक्ति के बीच हमेशा उपलब्ध होता है। वरिष्ठ पत्रकार बृजेश जोशी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जितना अध्ययन किया जाए उतना कम है ,बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और वह जीवन में आगे बढ़ सके इस हेतु मारवाड़ी युवा मंच ने उन्हें पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराकर एक सेतु का कार्य किया है ' जरूरतमंदों को शिक्षा सामग्री प्रदान करना मारवाड़ी मंच की एक अच्छी पहल है '

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। और शिक्षा की पहली सीढ़ी है - कलम और कॉपी। एक खाली नोट बुक में बच्चे अपने सपने लिखते हैं। जब बच्चों के हाथ में नई किताब और कॉपी आती है, तो उनकी आँखों में जो चमक आती है वही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

**जिम्मेदारों ने कहा**

इस अवसर पर स्कुल प्राचार्य प्रीति जैन ,वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष शजगदीशचंद्र चौधरी, मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय वर्मा ,मंदसौर शाखा सचिव कुलदीप सोमानी ने अपने विचार रखें। स्वागत उद्बोधन मंदसौर शाखा अध्यक्ष सौरभ सोमानी ने दिया ' आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया ' कार्यक्रम का संचालन मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी ने किया तथा आभार महिला शाखा सचिव किरण गणेश सोनगरा ने माना 'इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत सर्व सुरेश पंवार, अजय फाफरिया , दिलीप रांका, मनीष जैन, संदीप जैन ,विवेक पालीवाल, विश्वमोहन अग्रवाल, गणेश सोनगरा, रवि अग्रवाल, पंकज मित्तल, सुमन वर्मा, अलका जैन, अंजू मित्तल, प्रिया पालीवाल, मेजर उषा कुमावत, दुर्गेश अग्रवाल, साक्षी जैन, नेहा सोमानी, नीना सोमानी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का आयोजन 21 और 22 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

कालिदास संस्कृत अकादमी एवं म. प्र. संस्कृत परिषद उज्जैन और जिला प्रशासन मंदसौर के संयुक्त तत्वाधान में कालिदास प्रसंग का गौरवपूर्ण आयोजन 21 व 22 जुलाई को श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम महाविद्यालय परिसर में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ गोविंद दत्तात्रेय गन्धे ने बताया कि महाकवि कालिदास द्वारा वर्णित अष्टमूर्ति भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्राचीन नगरी दशपुर में विगत एक दशक से अधिक समय से कालिदास प्रसंग का आयोजन हो रहा है इसी कड़ी में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के शुभारंभ दिवस 21 जुलाई को प्रातः 8:30 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में पूजन एवं कलशार्चन किया जाएगा प्रातः 9:00 बजे मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो श्री कोल्ड चौराहे से कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पहुंचेगी और मंगल कलश की स्थापना की जाएगी। आपने बताया कि उद्घाटन विधि प्रातः 10:30 बजे होगी जिसमें कालिदास को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जो विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई उसके पुरस्कार वितरण एवं सम्मान का आयोजन होगा। इस सत्र में संस्कृत पालि प्राकृत विभाग महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बडौदा की अध्यक्ष प्रो. श्वेता जेजुरीकर का लोकप्रिय व्याख्यान होगा। मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर करेंगे। विशेष व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक व केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य यशपाल सिंह रहे मौजूद।

**खबर संक्षेप**

## निगम जिलाध्यक्ष व केलकर संभागीय उपाध्यक्ष मनोनीत



**देवास।** मप्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त म.प्र. नगरपालिका निगम एवं नगरपालिका पेंशनर्स संघ की आयोजित सामान्य सभा में संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियों का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने गिरीश निगम को देवास जिलाध्यक्ष तथा रामसिंह केलकर को इंदौर संभाग का संभागीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। संघ की ओर से बताया गया कि नवमनोनीत पदाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर निगमों, नगरपालिकाओं का भ्रमण कर पेंशनर्स संघ का संगठनात्मक विस्तार करेंगे। साथ ही विभिन्न निकायों में संघ का गठन एवं सुदृढ़ीकरण कर पेंशनभोगियों की समस्याओं के निराकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। निगम व केलकर के मनोनयन पर संवरक्षक जीएल कुमावत, कैलाश मोहिते, विपिन कुमार कुमावत, सुरेश व्यास, गंगासिंह सोलंकी, श्रवण कुमार कानूनगो, वेंदाशी निगम, आशुतोष निगम, हार्दिक निगम, प्रिशा निगम, निर्मला निगम, समाज अध्यक्ष आभा योगेश आदि ने बधाई दी।

### जनदबाव के आगे झुका प्रशासन, यूनिफॉर्म विवाद में दुकान सील

# आंदोलन फिलहाल स्थगित, बोले निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो फिर शुरू होगा धरना

### कथित रूप से जुड़े 12 स्कूलों की निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई नहीं होने पर दोबारा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास

निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म एक ही दुकान से खरीदने की कथित अनिवार्यता के खिलाफ अभिभावकों और पत्रकारों द्वारा चलाए गए शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सतवास स्थित कान्हा कलेक्शन को सील कर दिया। अब आंदोलनकारियों ने इस मामले से जुड़े बताए जा रहे 12 निजी स्कूलों की भी निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई की मांग उठाई है।लंबे समय तक आवेदन, शिकायतें और ज्ञापन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर अभिभावकों और पत्रकारों ने अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण जनआंदोलन शुरू किया था। आंदोलन के बाद प्रशासन ने संयुक्त जांच दल गठित कर सतवास में जांच की।संयुक्त जांच दल में डीपीसी अजय मिश्रा (जांच अधिकारी), तहसीलदार अवधेश यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लखन सोलंकी, बीआरसी राम बागड़ी, थाना प्रभारी दिलीप पुरी तथा पटवारी दिलीप जाट शामिल रहे। टीम ने शिकायतों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की।जांच के दौरान प्रशासन ने कान्हा कलेक्शन को सील कर दिया। आंदोलनकारियों का दावा है कि जांच के दौरान संबंधित दुकानदार ने 12 निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की। इसके बाद अब मांग उठ रही है कि यदि जांच में ऐसे तथ्य सामने आए हैं तो संबंधित स्कूलों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच की जाए।अभिभावकों और




पत्रकारों का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो कार्रवाई केवल दुकान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कथित रूप से जुड़े सभी स्कूलों पर भी समान रूप से की जानी चाहिए। उनका कहना है कि आधी कार्रवाई से पारदर्शिता, जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी।आंदोलनकारियों ने यह भी सवाल उठाया कि यदि पहले दिए गए आवेदन और शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई हो जाती तो जनआंदोलन की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। उनका कहना है कि प्रशासन को सक्रिय होने के लिए जनदबाव का इंतजार नहीं करना चाहिए था।आंदोलन फिलहाल समाप्त नहीं किया गया है। अभिभावकों और पत्रकारों ने स्पष्ट किया है कि प्रशासन को आगे की कार्रवाई का अवसर देने के लिए धरना केवल स्थगित किया गया है। यदि कथित रूप से जुड़े 12 स्कूलों की निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई नहीं होती है तो वे



दोबारा शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेंगे। फिलहाल पूरे क्षेत्र की निगाहें जिला प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। अब देखना यह होगा कि जांच का दायरा बढ़ाकर संबंधित स्कूलों तक पहुंचता है या कार्रवाई केवल एक दुकान तक सीमित रहती है।

## उज्जैन तिराहे पर दर्दनाक हादसाः तेज रफ्तार बस ने महिला को कुचला

**बस से उतरते समय हुआ हादसा**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के उज्जैन तिराहे पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनकी पांच वर्षीय पोती घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दादी-पोती इंदौर से देवास पहुंचने के बाद बस से उतर रही थीं। इसी दौरान दूसरी तेज रफ्तार यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, इंदौर के सदर बाजार निवासी निगार सुलताना (50) अपनी पांच वर्षीय पोती मरियम के साथ देवास आई थीं। शुक्रवार दोपहर उज्जैन तिराहे पर बस से उतरते समय दूसरी यात्री बस की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को बस के नीचे से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया।जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने निगार सुलताना को मृत घोषित कर दिया, जबकि मासूम मरियम के पैर में चोट आई है। उसका उपचार जारी है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।हादसे के दौरान महिला का मोबाइल फोन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे परिजनों से संपर्क करना मुश्किल हो गया। इस बीच ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी अभिषेक यादव ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मोबाइल की सिम निकालकर अपने फोन में लगाई और संपर्क करने का प्रयास किया। वहीं घायल होने के बावजूद पांच वर्षीय मरियम ने हिम्मत दिखाते हुए अपने पिता का मोबाइल नंबर याद से बताया, जिसके आधार पर पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार बस चालक की तलाश जारी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## वीर बलिदानी जोशी स्मारक स्थल का भूमि पूजन 19 को

**देवास।** हिंदू वीर बलिदानी श्री सुनील जोशी स्मारक स्थल का भूमि पूजन दिनांक 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे उनके बलिदान स्थल चूना खदान बालगढ़ रोड पर किया जावेगा। सन 2007, 29 दिसंबर को कतिपय हत्यारॉ ने सुनील जोशी की निर्मम हत्या कर दी थी, हिंदू समाज का कार्य करते-करते जोशी बलिदान हो गए. तभी से कृतज्ञ हिंदू समाज सुनील जोशी का बलिदान दिवस मनाता आ रहा है इस वर्ष 29 दिसंबर को उनके बलिदान दिवस के अवसर पर जोशी की प्रतिमा का अनावरण होना सुनिश्चित हुआ है इसीलिए यह भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम वीर बलिदानी जोशी स्मारक समिति एवं संस्था धर्मपथ देवास के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम में विशेष रूप से वीर बलिदानी जोशी स्मारक समिति एवं संस्था धर्मपथ के संरक्षक श्री कृष्ण गोपाल दास महाराज, महंत पंचमुखी धाम आगरोद विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी जेईई-नीट की निःशुल्क कोचिंग, तैयारी के लिए स्टडी मटेरियल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी और अनुकरणीय पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान 'फिजिक्स वाला फाउंडेशन' के सहयोग से निःशुल्क जेईई और नीट की तैयारी कराई जा रही है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में खेडापति होटल में कार्यक्रम का आयोजन कर कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 136 मेधावी छात्र-छात्राओं को जेईई और नीट की तैयारी के लिए निःशुल्क स्टडी मटेरियल का वितरण किया गया।

विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए जिला प्रशासन और फिजिक्स वाला फाउंडेशन द्वारा अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। छात्रों को नियमित ऑनलाइन लाइव क्लासेस के साथ-साथ रिकॉर्डेड लेक्चर्स की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बच्चे अपनी सुविधानुसार कभी भी कठिन विषयों को दोबारा समझ सकेंगे और उनका रिवीजन कर सकेंगे।कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनका हौसला बढाते हुए कहा कि जिले की प्रतिभाओं को संसाधनों की कमी के कारण पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। यह पहल ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के होनहार बच्चों के सपनों को उड़ान देने का काम करेगी। आप सभी




अत्यधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं, इसीलिए आपके लिए इस ऑनलाइन निःशुल्क कोचिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। सिंह ने कहा कि यह 2 साल आपके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण फेज हैं, जो आपका पूरा भविष्य निर्धारित करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से ऑल इंडिया लेवल पर टॉप 5000 रैंक में आने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में लाखों बच्चे जेईई और नीट की परीक्षा देते हैं। आपका प्रयास देश के शीर्ष आईआईटी और एम्स जैसे संस्थानों में जाने का होना चाहिए। इन प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थी नाम मात्र की फीस देकर बड़ी-बड़ी ग्लोबल कंपनियों में जाते हैं। इससे न केवल आपका बल्कि आपके पूरे परिवार का सामाजिक और आर्थिक स्तर हमेशा के लिए बदल जाएगा।कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित 'फिजिक्स वाला' के शिक्षकों को से कहा कि वे बच्चों को पूरी लगन से पढ़ाएं और हर एक बच्चे की प्रोग्रेस पर विशेष फोकस व ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्वयं हर महीने समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर 'फिजिक्स वाला' संस्थान के प्रतिनिधि रचित त्रिपाठी ने छात्रों को डिजिटल लर्निंग का पूरा ढांचा समझाया। उन्होंने जानकारी दी कि क्लासेस किस प्रकार संचालित की जाएंगी। छात्र मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से लाइव क्लासेस से कैसे जुड़ेंगे, टेस्ट कैसे देंगे और स्टडी मटेरियल का उपयोग कैसे करेंगे, इसकी पूरी ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने बताया कि छात्रों को नियमित ऑनलाइन लाइव क्लास के साथ-साथ रिकॉर्डेड लेक्चर्स की सुविधा भी मिलेगी, जिससे वे किसी भी टॉपिक का कभी भी रिवीजन कर सकेंगे।

# नल जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व नल जल योजना संबंधी कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख ने सभी सरपंचों, सचिवों और रोजगार सहायकों से कहा कि वे आपसी समन्वय के साथ इन दोनों महत्वपूर्ण नियमों को अपने-अपने ग्रामों में शत-प्रतिशत लागू करें, जिससे देवास जिला ग्रामीण विकास और स्वच्छता के मामले में एक मिसाल बन सके। कार्यशाला के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत स्तर के कर्मचारियों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ श्याम सुंदर सिंह ने 'ग्रामीण नल जल योजना के संचालन, संधारण एवं प्रबंधन नियम 2026' के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की टंकियों और पाइप लाइनों का रखरखाव स्थानीय स्तर पर मुस्तैदी से होना चाहिए ताकि हर नागरिक को नियमित पेयजल मिल सके। उन्होंने इसके वित्तीय प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को अनिवार्य बताया। कार्यशाला में यूनिसेफ से संभागीय सलाहकार यासीन ने त्रि-स्तरीय पंचायती के प्रतिनिधियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कचरा संग्रहण, पृथक्कीकरण तथा ग्रामीण स्तर पर इसके सुरक्षित निपटान हेतु एक विस्तृत और व्यावहारिक कार्य योजना निर्माण करने की कमान सौंपी। इस दौरान जिला स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक सुनील सुमन,जनपद पंचायत हेमलता शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिले भर के शिक्षा मंदिरों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानें की सील, पुलिस-प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को जिले भर के शिक्षा मंदिरों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों को सील किया गया। पुलिस-प्रशासन ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की।शहर में स्कूल और कॉलेजों के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने शुक्रवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए 9 दुकानों को सील कर दिया। करीब दो घंटे तक चले इस अभियान से शहरभर के दुकानदारों में हडकंप मच गया।

कार्रवाई एसडीएम अभिषेक शर्मा और सीएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान कई दुकानदार दुकानें बंद कर मौके से भाग निकले, लेकिन



अधिकारियों ने दुकानें खुलवाकर जांच कराई। एसडीएम अभिषेक शर्मा और सीएसपी सुमित अग्रवाल ने स्वयं दुकानों के भीतर जाकर निरीक्षण किया।

जिन दुकानों में सिगरेट, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पाद मिले, उन्हें तत्काल सील कर दिया गया। टीम ने सबसे पहले केपी कॉलेज और राधाबाई स्कूल क्षेत्र में कार्रवाई की, जहां तंबाकू उत्पाद मिलने पर दुकानें सील की गईं। इसके बाद नाहर दरवाजा क्षेत्र में तीन दुकानों पर कार्रवाई हुई। कोतवाली क्षेत्र में चिमनाबाई, शिशु विहार सहित अन्य स्कूलों के आसपास चार दुकानों को सील किया गया। इटावा क्षेत्र में भी दो से तीन दुकानों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा, नाहर दरवाजा थाना प्रभारी आलोक सोनी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस तरह का सघन अभियान आगे भी लगातार चलाया जाएगा।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही जिले के सभी अनुभागों अंतर्गत थाना क्षेत्र में आने वाली दुकानों को का निरीक्षण कर किया गया। निरीक्षण दौरान तंबाकू उत्पाद पाए जाने पर उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई।

### गूंजा नशामुक्ति का संदेश, पुलिस-प्रशासन एवं उद्योग जगत ने लिया जन-जागरूकता का संकल्प

# सामूहिक संकल्प से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभवः गुप्ता






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में 15 से 30 जुलाई 2026 तक प्रदेशव्यापी ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में जिलेभर में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, औद्योगिक संस्थानों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज की स्थापना करना है। अभियान अंतर्गत शुक्रवार को आयशर कंपनी परिसर में एक भव्य नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन रेंज राकेश गुप्ता एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, उज्जैन ज़ोन नवनीत भसीन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,उज्जैन ज़ोन राकेश गुप्ता ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्ति के इस जनआंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता, जागरूकता एवं सामूहिक संकल्प से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है।इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक,उज्जैन रेंज नवनीत भसीन ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए युवाओं से नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात गुब्बारे छोड़कर नशामुक्त समाज के निर्माण का प्रेरणादायी संदेश दिया गया।एसपी पुनीत गेहलोद ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0₹ अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने का व्यापक जनआंदोलन है।

उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन, औद्योगिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन के सामूहिक सहयोग से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त दलिप कुमार, एएसपी (शहर) गजेन्द्र सिंह वर्धमान, सीएसपी सुमित अग्रवाल, शहर के समस्त थाना प्रभारीगण, कंपनी प्रबंधक अमर सिंह बघेल, एच.आर. आनन्द मिश्रा सहित पुलिस विभाग एवं आयशर कंपनी के 700 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए कलेक्टर ने किए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पकलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जन सामान्य के हित/जानमाल की सुरक्षा तथा लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए देवास जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना डी.जे./ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेगा। कोई व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य कोई भी धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में एसिड, पेट्रोल, केरोसिन आदि ज्वलनशील पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा या लेकर नहीं चलेगा या उपयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन हेतु सक्षम अधिकारी की अनुमति बिना टेंट, पांडाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया/इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप्प एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आमजन की भावना भडक़ाने वाले अथवा किसी को बुरा लगने या आहत करने वाले व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मैसेज/चित्र/कमेंट/बैनर/पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा/प्रदर्शित नहीं करेगा।

## खबर संक्षेप

### ललितपुर को मिले नए पुलिस कप्तानः संजीव कुमार बाजपेयी



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन ने शुक्रवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी करते हुए ललितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) का स्थानांतरण कर दिया। शासन के आदेश के अनुसार अब संजीव कुमार बाजपेयी ललितपुर के नए पुलिस अधीक्षक होंगे। वहीं, वर्तमान एसपी मोहम्मद मुश्ताक (आईपीएस, आरआर-2016 बैच) को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक संजीव कुमार बाजपेयी इससे पूर्व 43वीं वाहिनी पीएसी, एटा में सेनानायक के पद पर कार्यरत थे। अब वे ललितपुर जिले की कानून-व्यवस्था की कमान संभालेंगे। वहीं, मोहम्मद मुश्ताक का कार्यकाल जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, वांछित अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान तथा विभिन्न पुलिस सुधारात्मक पहलों के लिए चर्चा में रहा। उनके स्थानांतरण के बाद अब जिले की पुलिस व्यवस्था की जिम्मेदारी संजीव कुमार बाजपेयी के हाथों में होगी। शासन के इस तबादला आदेश में अन्य वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के भी स्थानांतरण किए गए हैं।

### दीपक जैन ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की

**ललितपुर।** केपीएस पीजी कॉलेज, ककरुआ के शिक्षाशास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक जैन ने मध्य प्रदेश के श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर से माध्यमिक स्तर पर शिक्षण प्रशिक्षणार्थियों के तकनीकी एवं वैचारिक कौशल का विश्लेषणात्मक अध्ययन (सागर, छतरपुर एवं टीकमगढ़ के विशेष संदर्भ में) विषय पर अपना शोधकार्य डॉ संदीप कुमार के निर्देशन में पूर्ण करते हुए पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. जैन की इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि पर के.पी.एस. पी.जी. कॉलेज परिवार में हर्ष का वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. जैन की यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी, बल्कि शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को प्रेरित करेगी।

### 150 लीटर शराब बरामद 6 महिलाएं गिरफ्तार

**ललितपुर।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 150 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। मौके पर तैयार की जा रही करीब 5000 किलोग्राम लहन को भी नष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान छह महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए। यह अभियान डीएम, एसपी तथा आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के निर्देशन में चलाया गया। संयुक्त टीम ने संदिग्ध कबूतरा डेरा, ग्राम मऊमाफी में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर कार्रवाई की। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी (क्षेत्र-1), बिपिन कुमार यादव (क्षेत्र-3), प्रशांत मित्तल (क्षेत्र-4), प्रशांत कुमार (क्षेत्र-5) तथा मसौरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रंजन बाबू पुलिस बल के साथ शामिल रहे। दबिश के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मऊमाफी निवासी निकिता पत्नी गिन्नी, मनीषा पत्नी बासुदेव, ममता पत्नी सोनू, नीतू पत्नी राहुल, श्रीकुंवर पत्नी अनिल तथा मोनिका पत्नी साहिल शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया अवैध शराब के के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अटल आवासीय विद्यालय में परोसे गए दोपहर के भोजन से बिगड़ी थी तबीयत

# कढ़ी-चावल खाने से 49 छात्र-छात्राएं बीमार राज्यमंत्री ने हाल जानकर जांच के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले के ग्राम धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में परोसे गए दोपहर के भोजन के बाद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगडऩे से हड़कंप मच गया। विद्यालय में कढ़ी-चावल खाने के बाद 49 छात्र-छात्राएं बीमार हो गए। सभी को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक तौर पर मामले की जांच चल रही है, हालांकि वास्तविक कारण खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। बताया गया है कि गुरुवार दोपहर करीब 1.30 बजे विद्यालय में बच्चों को दोपहर के भोजन में कढ़ी-चावल परोसा गया था। भोजन करने के कुछ ही समय बाद कई बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और बेचैनी की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बच्चों की संख्या बढऩे लगी, जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को सूचना दी। शाम करीब 6 बजे बीमार बच्चों को एंबुलेंस और अन्य वाहनों से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। बताया गया कि गुरुवार देर रात तक 46 बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह तीन अन्य बच्चों की तबीयत बिगडऩे पर उन्हें भी अस्पताल लाया गया, जिससे बीमार छात्रों की संख्या बढ़कर 49 हो गई। चिकित्सकों की निगरानी में सभी बच्चों का उपचार जारी है और अधिकांश की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही राज्यमंत्री मनोहर लाल मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बच्चों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को सभी बच्चों का समुचित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि भोजन की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है और यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार दोपहर झांसी मंडल के आयुक्त विमल कुमार दुबे ने भी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर भर्ती बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से उपचार व्यवस्था की जानकारी ली और अधिकारियों को बच्चों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि बच्चों के बताए अनुसार भोजन करने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भोजन के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और विद्यालय प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं अभिभावकों में भी घटना को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि बच्चों के उपचार में कमी नहीं आने दी जाएगी तथा जांच पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी।

### चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

## बाजरे की फसल चराने का विरोध करने पर किसान दंपती से मारपीट



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम जीरौन में बाजरे की फसल चराने का विरोध करना एक किसान दंपती को भारी पड़ गया। खेत में फसल चराने की शिकायत करने पर गांव के ही चार लोगों ने किसान और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। तहरीर पर जाखलौन पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश दुबे पुत्र रामसेवक दुबे, निवासी ग्राम जीरौन ने बताया कि 11 जुलाई 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी बाजरे की फसल चराने की शिकायत लेकर गांव के शैलेंद्र पुरोहित, अखिलेश (दोनों पुत्र जगतनारायण पुरोहित), सूरजदेवी पत्नी जगतनारायण तथा पूजा पत्नी पुष्पेंद्र पुरोहित के पास उलाहना देने गए थे। इसी बात से नाराज होकर सभी आरोपी गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर चारों आरोपियों ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी जूली के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। जाते समय आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। राकेश दुबे का कहना है कि घटना का वीडियो उसके मोबाइल फोन में भी रिकॉर्ड है, जिसे पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा। जाखलौन थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## जमीन की रजिस्ट्री कराने को बनाया दबाव, फर्जी एससी, एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम रनगांव निवासी एक युवक ने गांव के ही चार लोगों पर जमीन की जबरन रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाने, फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देने और नकदी की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित पुष्पेंद्र सिंह पुत्र महेंद्र पाल सिंह ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के खरगे उर्फ घनश्याम, रामप्रसाद, जगजीवन (तीनों पुत्र नथुआ) तथा बलवीर पुत्र घनश्याम लंबे समय से उसे परेशान कर रहे हैं। उसके अनुसार 14 जुलाई 2026 की रात करीब 8 बजे चारों आरोपी एकराय होकर उसके घर पहुंचे और परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने पीड़ित परिवार से कहा कि एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन मुकदमा वापस लिया जाए और आराजी संख्या 1980 की लगभग 50 डिसमिल भूमि की रजिस्ट्री उनके नाम कर दी जाए। ऐसा न करने पर फर्जी एससी/एसटी एक्ट और महिलाओं से छेड़छाड़ जैसे झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं था। उसकी मां और पत्नी घर पर थीं। इसी दौरान आरोपी बलवीर अपनी करीब 7-8 माह की मासूम बच्ची को साथ लेकर आया और उसे स्वयं ही मारने-पीटने लगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि बच्ची को चोट लगने का दोष उसके परिवार पर मढ़कर झूठा मुकदमा दर्ज कराया जा सके। इस घटना से घर की महिलाएं घबरा गईं और पीड़ित की पत्नी ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायती पत्र में कहा गया है कि आरोपी लगातार पीड़ित पर 50 हजार रुपये नकद देने और जमीन की रजिस्ट्री करने का दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे झूठे मुकदमों में फंसाकर पूरी जमीन पर कब्जा कर लेंगे। पीड़ित का आरोप है कि घटना की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से भी की गई, लेकिन वहां से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे उसे समझौता करने और विपक्षियों की बात मान लेने की सलाह दी गई। इससे निराश होकर उसने पुलिस अधीक्षक ललितपुर को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### थाने के बाहर मां से छीन लिए दो मासूम बच्चे

## पीड़िता ने पति और ससुराल के चार पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जखौरा थाना क्षेत्र से दहेज प्रताडऩा और बच्चों को जबरन मां से अलग करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के चार लोगों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने, घर से निकालने तथा पुलिस थाने के बाहर से उसके दो मासूम बच्चों को जबरन छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बच्चों की सकुशल बरामदगी और आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम घुरवारा निवासी प्रतीक्षा, पत्नी तुलाराम पुत्री फूलचंद वर्तमान निवासी ग्राम सुनौरा थाना तालबेहट का आरोप है कि 11 जुलाई 2026 की रात उसके पति तुलाराम, ससुर अजब सिंह, देवर दीपेन्द्र तथा सास बीरवती ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। अगले दिन 12 जुलाई को वह शिकायत दर्ज कराने जखौरा थाने पहुंची थी। आरोप है कि शाम करीब चार बजे थाने के बाहर पहले से मौजूद उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मौजूद दोनों बच्चों को जबरन छीन लिया और उन्हें लेकर फरार हो गए। उसके दोनों पुत्रों में तीन वर्षीय अर्जुन और डेढ़ वर्षीय प्रियर शामिल हैं। उसने बताया कि छोटा बच्चा अभी मां का दूध पीता है, ऐसे में उससे अलग होने के कारण उसकी सेहत और जान को खतरा हो सकता है। बच्चों के बिछडऩे के बाद से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान है और लगातार प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रही है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि 14 जुलाई को उसने पुलिस अधीक्षक को भी लिखित प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अब तक बच्चों की बरामदगी या आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे निराश होकर उसने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थना पत्र में चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उसके बच्चों को सकुशल वापस नहीं दिलाया गया और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होगी। उसने कहा है कि ऐसी स्थिति में उसकी मौत अथवा बच्चों के साथ किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी जखौरा थाना पुलिस और उसके पति तुलाराम, ससुर अजब सिंह, देवर दीपेन्द्र तथा सास बीरवती की होगी।

### बसपा ने ककरूवा में सेक्टर व बूथ गठन की समीक्षा बैठक की

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने व कार्यक्रमों पर चर्चा की



**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को महरौनी विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर संख्या-34, ग्राम ककरूवा में सेक्टर एवं बूथ गठन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार के तहत राम अहिरवार को सेक्टर अध्यक्ष तथा नरेंद्र कुमार अहिरवार को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनसे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन मंडल प्रभारी झांसी तंशुराम अहिरवार ने किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ स्तर के संगठन पर निर्भर करती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। महरौनी विधानसभा प्रभारी बृजेश अहिरवार ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सामाजिक न्याय और सर्वजन हिताय की विचारधारा पर कार्य कर रही है तथा प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाकर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक में 227 विधानसभा महरौनी के विधानसभा महासचिव देशपत सिंह गौतम, अंकुल बडोनिया, कृपाल गौतम (पत्रकार), लाखन सिंह बौद्ध (पूर्व जिला बीएफ), भरत सेन बडग़ाना, केशव बडग़ाना, छत्रपाल ककरूवा, हारून खान, गफ्फार खान, मानक अहिरवार सहित बहुजन समाज पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। अंत में संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## दुकान कर्मियों पर लाठी-डंडों और रॉड से हमला किया, दुकान मालिक समेत चार लोग घायल

### तेज रफ्तार बाइक चलाने से टोकने पर मंडी गेट के पास बवाल

**ललितपुर ।** मण्डी गेट के सामने तेज रफ्तार बाइक चलाने का विरोध करना एक सोलर दुकान के कर्मचारियों को महंगा पड़ गया। आरोप है कि बाइक सवार युवक ने अपने साथियों को बुलाकर दुकान के कर्मचारियों और मालिक पर लोहे की रॉड, लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में दुकान मालिक सहित चार लोग घायल हो गए, जबकि मौके पर खड़ी कार में भी तोडफ़ोड़ की गई। पीड़ित कर्मचारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार नामजद आरोपियों क खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जाखलौन के ग्राम जीरोन व हाल चांदमारी निवासी रामदास अहिरवार पुत्र दुर्जन अहिरवार ने बताया कि मण्डी गेट के सामने स्थित एक सोलर दुकान पर कर्मचारी हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 15 जुलाई 2026 की रात करीब 8 बजे वह दुकान बंद कर पीछे मैदान में खड़ी अपनी चार पहिया गाड़ी की ओर जा रहे थे। तभी एक युवक नीली अपाचे मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार में उनके पास से निकला। रामदास ने बाइक सवार से केवल इतना कहा कि वह वाहन धीरे चलाए। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर युवक गाली-गलौज करने लगा और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब रामदास ने दुकान मालिक को आवाज लगाई तो आरोपी ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में आरोपी लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और दुकान के कर्मचारियों पर हमला बोल दिया। मारपीट में दुकान संचालक श्रीकांत नायक, मोनू वाजपेयी, शिवा बबेले और आशीष नायक घायल हो गए। बताया गया कि मोनू वाजपेयी के सिर में गंभीर चोट आई है। आरोपियों ने पथराव भी किया तथा मौके पर खड़ी चार पहिया गाड़ी में तोडफ़ोड़ कर दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उसकी गाड़ी में रखा मोबाइल फोन गायब हो गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी विकास उर्फ कड़ी और उसका भाई अरुण अपने साथियों चुन्नू और छोटू के साथ वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

### चातुर्मास के लिए नवागढ़ में मुनि संघ का भव्य मंगल प्रवेश

## श्रीराम के आदर्श अपनाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढज़ी में चातुर्मास के अवसर पर मुनिश्री मंगलानंद सागर महाराज एवं मुनिश्री मंगल सागर महाराज का श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आयोजन श्रीनवागढ़ अतिशय क्षेत्र समिति एवं नवागढ़ गुरुकुलम ट्रस्ट के तत्वावधान में ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत के निर्देशन में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने रंगोलियां सजाकर, मंगल कलश और जयघोष के साथ मुनि संघ का स्वागत किया। अपने प्रवचन में मुनिश्री मंगलानंद सागर महाराज ने कहा कि श्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिए भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। उन्होंने गुटखा, तंबाकू, शराब सहित सभी प्रकार के नशों का त्याग कर मानवता, करुणा और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। वहीं मुनिश्री मंगल सागर जी महाराज ने संस्कार, संयम और सेवा को सच्चे धर्म की पहचान बताया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष सुधाकर पांडे, ग्राम प्रधान रामनारायण यादव, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव, श्रेष्ठी निर्मल घुवारा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान जानकारी दी गई कि चातुर्मास में प्रत्येक रविवार सुबह 9 बजे एवं अपराह्न 3 बजे विशेष मंगल प्रवचन आयोजित होंगे।

### परेड में एसपी मो मुश्ताक ने परखा पुलिस बल का अनुशासन

## आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार व त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसपी ने सबसे पहले परेड की सलामी ली और परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की ड्रिल, टर्नआउट, ड्रेस कोड, शारीरिक दक्षता तथा सामूहिक तालमेल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक ड्रिल का अभ्यास भी कराया और पुलिस बल को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। परेड के बाद एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइंस परिसर में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, कंट्रोल रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, उपलब्ध संसाधनों की स्थिति और उनके प्रभावी उपयोग का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने तथा अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 के पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैबलेट, मोबाइल और अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपकरण हर समय पूरी तरह क्रियाशील अवस्था में रहें ताकि किसी भी आपात स्थिति में आमजन को तत्काल और प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके। एसपी मो. मुश्ताक ने पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आमजन के प्रति संवेदनशील, शालीन एवं सेवा-भाव से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाकर आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों से उनकी व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों में समयबद्धता, गुणवत्ता एवं अनुशासन सुनिश्चिता पर रहा फोकस

# संभाग आयुक्त ने परखी जिले की व्यवस्थाएं, आवश्यक निर्देश दिए

### बोले-समन्वय और तालमेल से कार्य करें सभी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा गुरुवार को राजगढ़ मुख्यालय पहुंचे। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सर्वप्रथम समूहों की दीदियों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित स्मृति-चिन्ह से उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों, अधोसंरचना परियोजनाओं एवं विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। आयुक्त शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा, गुणवत्ता एवं अनुशासन के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यादेश में निर्धारित समय-सीमा का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनकी प्रगति में गति लाई जाए। जिन कार्यों की शुरुआत होना शेष है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। समीक्षा के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए क्षतिग्रस्त सड़कों पर तत्काल पैचवर्क कराया जाए, जिससे सड़कें सुरक्षित, सुगम एवं यातायात योग्य बनी रहें। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्रामों की सड़क कनेक्टिविटी टिकाऊ एवं सर्व मौसमीय हो तथा आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों तक निर्बाध सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए ग्रामवार विश्लेषण तैयार कर आवश्यक कार्ययोजना बनाई जाए।



### सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा

आयुक्त शर्मा ने मोहनपुरा, सुठालिया एवं कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सुठालिया परियोजना की नहरों से संबंधित कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सिंचित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा सिंचाई क्षमता में वृद्धि के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने मोहनपुरा बांध निर्माण के बाद तंवर क्षेत्र में हुए सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तनों का विस्तृत अध्ययन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कृषि, रोजगार, आय, आजीविका एवं जीवन स्तर पर परियोजना के प्रभाव का वैज्ञानिक विश्लेषण तैयार किया जाए, ताकि भविष्य की विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### स्वच्छता, फसल बीमा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर

बैठक में स्वच्छता परिसरों की कार्यशीलता की समीक्षा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी स्वच्छता परिसरों का नियमित उपयोग एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फसल बीमा योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए पात्र किसानों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने पर बल दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लाभार्थियों का डेटा आपस में मेल खाना चाहिए।

### शिक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य पर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश'

आयुक्त शर्मा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी को एक-एक शासकीय छात्रावास से संबद्ध किया जाए। संबंधित अधिकारी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करेंगे तथा वहां की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का विस्तृत परीक्षण कर अपनी निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# राजश्री पाउच को लेकर हुए विवाद में किशोर ने चाकू से की थी हत्या

## 10 वर्षीय बालक की हत्या का 24 घंटे में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



ग्राम नांदनी में 10 वर्षीय बालक की हत्या के सनसनीखेज मामले का कालापीपल पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में एक विधि-विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि राजश्री पाउच को लेकर हुए विवाद के बाद गुस्से में किशोर ने चाकू से वार कर बालक की हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को बालक के अपहरण की सूचना मिलने पर थाना कालापीपल में मामला दर्ज कर तत्काल तलाश शुरू की गई। थाना प्रभारी उप निरीक्षक रवि भंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीम और ग्रामीणों ने पूरी रात खोजबीन की। शुक्रवार सुबह बालक का शव गांव के पास स्थित एमपीईबी के खंडहर में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा एसडीओपी निमेश देशमुख मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉड, एफएसएल और फिंगरप्रिंट टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के साथ अंतिम बार देखे गए बच्चों से पूछताछ की। संदेह के आधार पर एक विधि-विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि उसने मृतक को राजश्री पाउच लाने के लिए भेजा था। पाउच लाने के बाद मृतक ने भविष्य में ऐसी वस्तुएं न मंगवाने की बात कही, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक विवाद के बाद बालक डरकर एमपीईबी के खंडहर की ओर भागा। आरोपित ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और अपने पास रखे चाकू से गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है। मामले में किशोर न्याय अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मामले से जुड़ी किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

## परसराम तालाब में मिला युवक का शव, जांच शुरू

**नरसिंहगढ़।** नगर के परसराम तालाब (भंडारी कॉलोनी के पीछे) गुरुवार सुबह एक युवक का शव पानी में तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह लोगों ने तालाब में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया।मृतक की पहचान श्याम पिता रोड की जाटव (35) निवासी बड़ा महादेव के नीचे, नरसिंहगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक नशा करने का आदी बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि वह मछली पकड़ने के लिए तालाब गया होगा और नशे की हालत में पैर फिसलने से पानी में गिर गया होगा। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### अनेक किस्म के पौधे भी रोपे गए

## आईजी ने ली राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक



**राजगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) देहात भोपाल संभाग रूचि वर्धन की अध्यक्षता में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था, आगामी त्योहारों की तैयारियों तथा विभागीय समन्वय की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं नशाग्रस्त व्यक्तियों के पुनर्वास, सीसीटीवी स्थापना, शस्त्र लाइसेंस, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, बाउंड ओवर तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा त्योहारों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाए।बैठक में अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के बेहतर समन्वय के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान कलेक्ट र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्ट र श्री प्रताप सिंह चैहान, समस्तर अनुविभागीय (राजस्वा) अधिकारी, संयुक्तक कलेक्टपर श्री वीरेंद्र सिंह दांगीसहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी का 19 जुलाई को विरोध मार्च

**मंदसौर।** देश में लगातार सामने आ रहे पेपरलीक मामलों और शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों को लेकर आम आदमी पार्टी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी मंदसौर जिला इकाई द्वारा आगामी 19 जुलाई को दोपहर 3 बजे एक विरोध प्रदर्शन और विरोध मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी के मंदसौर जिला अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह मोर्चा खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले पेपरलीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर वैज्ञानिक और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक आमरण अनशन पर बैठे हैं।

अफ़सोस की बात है कि केंद्र सरकार देश के इतने बड़े वैज्ञानिक और शिक्षाविद् की जायज मांगों को सुनने के बजाय उनकी लगातार अनदेखी कर रही है। केंद्र सरकार के इसी संवेदनहीन और उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंदसौर द्वारा उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार ने मंदसौर के सभी नागरिकों, छात्रों, युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे 19 जुलाई को दोपहर 3 बजे अधिक से अधिक संख्या में इस 'विरोध मार्च' में शामिल होकर देश के युवाओं और सोनम वांगचुक की आवाज को बुलंद करें।

## कृषि आधारित कंटेंट के लिए इंदौरीग्राम के फाउंडर मयंक भावसार को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



कृषि आधारित जनजागरूकता कंटेंट तैयार करने वाले इंदौरीग्राम इंस्टाग्राम पेज संस्थापक मयंक भावसार कोमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया। मयंक सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों तक कृषि संबंधी जानकारी एवं शासन की विभिन्न योजनाओं को सरल भाषा में पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि कृषि सहित 16 विभागों के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा।मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ आत्मीय एवं प्रेरक संवाद भी किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष ओम जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, श्रवण चावड़ा, कपिल यार्दे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाय दुकान पर बैठे युवक की अचानक मौत, पीएम में होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के बस स्टैंड स्थित अवंतिका चाय दुकान पर गुरुवार को एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबाबू पिता देवी सिंह मोंगिया (32 वर्ष), निवासी मुगलखेड़ी, थाना कुराबर अपनी पत्नी से मिलने इंदौर गया था। घर लौटते समय वह सारंगपुर बस स्टैंड स्थित अवंतिका चाय दुकान पर चाय पीने के लिए रुका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कुर्सी पर बैठा हुआ था, तभी अचानक नीचे गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक अचानक गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना मिलने पर सारंगपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

## कलेक्टोरेट का फाउंटेन अर्से से बंद पड़ा, नहीं हो रहा शुरू



राजगढ़। कलेक्टोरेट बिल्डिंग के निर्माण के समय यहां मध्य में एक फाउन्टेन (फुव्वारे) का निर्माण करवाया गया था। कलेक्टोरेट जैसे प्रमुख कार्यालय की सुंदरता बढ़ाने बनवाए गया यह फाउन्टेन कुछ दिनों तक तो चालू स्थिति में था लेकिन अब यह कईं सालों से बंद है। नाजिर शाखा के कर्मचारियों द्वारा भी इसके चलवाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। हरिभूमि ने जब इस बारे में नाजिर शाखा के लिए रिसोनिया को फोन लगाया तो उनका फोन कवरेज के बाहर बताया गया।

## गांधीसागर में दूषित पेयजल का खतरा बढ़ा, जारी की जनहित में चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा मंदसौर

गांधीसागर में दूषित पेयजल का खतरा बढ़ रह है। ग्राम पंचायत ने जारी की जनहित में चेतावनी, पुराने व नया पानी मिलने से दूषित होता है पानी वहीं वर्षाकाल में जलाशय में ऊपर से ही मिल रहा रासायनिक अपशिष्ट मानव जीवन के लिए खतरनाक बन जाता है। ऐसा पानी दुर्गंध व प्रदूषण बढ़ा रहा है। नागरिकों से उबालकर और फिटकरी मिलाकर पानी पीने की अपील की गई है। वर्षाकाल के दौरान गांधीसागर जलाशय के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंताजनक स्थिति सामने आ रही है। क्षेत्रवासियों के अनुसार जलाशय में पुराने और नए पानी के मिलन के साथ-साथ कैचमेंट एरिया से बहकर आने वाला रासायनिक एवं केमिकल युक्त पानी भी मिल रहा है। इससे जलाशय का पानी प्रभावित हो रहा है और पेयजल की शुद्धता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

### जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा

गांधीसागर बांध होने के कारण जलाशय का पानी लंबे समय तक ठहरा रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसी स्थिति में पानी में दुर्गंध, काई एवं अन्य प्रदूषक तत्वों की मात्रा बढ़ने की संभावना रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्तमान में कई परिवार इसी पानी का उपयोग पीने के लिए कर रहे हैं, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए ग्राम पंचायत गांधीसागर ने जनहित में महत्वपूर्ण अपील जारी की है। पंचायत ने विशेष रूप से बंगाली कॉलोनी सहित प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

### ग्राम पंचायत गांधीसागर की जनहित में अपील

बंगाली कॉलोनी के समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि नदी से प्राप्त नल के पानी का उपयोग करने से पूर्व उसे अच्छी तरह उबालें तथा फिटकरी मिलाकर शुद्ध करें। स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का सेवन कर संभावित जलजनित रोगों से स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा करें।

**मनीष परिहार, सरपंच, ग्राम पंचायत गांधीसागर**

## धूमधाम से निकली भगवान जगदीश की रथयात्रा, पुष्पवर्षा से किया स्वागत



**नरसिंहगढ़।** नगर में गुरुवार को भगवान जगदीश रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में प्रातः भगवान जगदीश, बलभद्र एवं सुभद्रा का महाअभिषेक और विशेष श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद शाम को रथयात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान की पूजा-अर्चना, आरती और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मंदिर में पीले चावल के भात का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण भी किया गया।इस मौके पर नगर के व्यवसायी रतनलाल गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता द्वारा जगन्नाथपुरी उड़ीसा से लाई गई ध्वजा भी मन्दिर शिखर पर फहराई गई। रथयात्रा के साथ भगवान जगदीश एक माह के नगर भ्रमण पर निकल गए हैं। इस दौरान भगवान 15 दिन रामकृष्ण मंदिर तथा शेष 15 दिन नगर के विभिन्न मंदिरों में विराजमान रहेंगे। इस अवधि में धार्मिक आयोजन, भजन-कीर्तन एवं विशेष भोग का क्रम चलता रहेगा। लगभग 30 वर्षों से आयोजित हो रही यह परंपरा नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है।

### स्कूल में मनाया जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव

इधर शहर के प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में भी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान जगन्नाथ की झांकी से सुसज्जित रथ खींचा तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाया। विद्यार्थियों और स्टाफ ने पूजा-अर्चना, स्तुति एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

### पुरी की तर्ज पर राजगढ़ मुख्यालय में निकाली गई रथ यात्रा

# छोड़कर मंदिर का सिंहासन रथ पर गलियों में पहुंचे भगवान जगन्नाथ



**राजगढ़।** उड़ीसा राज्य के जगन्नाथ पुरी की मानिंद राजगढ़ मुख्यालय पर गुरुवार को विशाल रथ यात्रा आयोजित की गई। जगन्नाथ मंदिर समिति राजगढ़ के तत्वावधान में बीते कुछ सालों से इस यात्रा का आयोजन करवाया जा रहा है। यह यात्रा स्थानीय खुजनेर रोड स्थित मंदिर से आरंभ होकर स्टेडियम रोड, पुराना बस स्टैंड, घूम घाटी, किला क्षेत्र, मेन मार्केट नाका नंबर 3, बाईपास होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। सैंकड़ों की संख्या में श्रृद्धालु भगवान का रथ खींचते हुए साथ चल रहे थे। सभी की सुख, शांति, समृद्धि के लिए आयोजित इस यात्रा में पुरी की ही तरह अनेकों श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चे भगवान का रथ थामें हुए थे। गाजे, बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकली यात्रा में सभी श्रृद्धालुओं का भगवान जगन्नाथ की प्रसादी माने जाने वाली मीठी भात वितरित की जा रही थी।

### मालवीय प्रजापति समाजजनों का अहम योगदान

हर साल निकाले जाने वाली इस यात्रा आयोजन में वैसे तो सभी श्रृद्धालुओं का सहयोग रहता है पर मालवीय प्रजापति समाजजन अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। यात्रा के मंदिर पहुंचने पर सभी श्रृद्धालुओं को प्रसादी बांटी गई। यात्रा के सफल आयोजन पर मंदिर समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया हैं।



## छात्र छात्राओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा

सारंगपुर। नगर में स्थित विद्यालय श्री सत्य साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सारंगपुर में गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की सुसज्जित झांकी के साथ भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने पूरे उत्साह से भाग लिया। रथयात्रा में विद्यालय के डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया, प्राचार्य केदार गोवेकर, उप-प्राचार्या श्रीमती किरण जोशी, स्कूल कोऑर्डिनेटर इमरान खान, कार्यालयीन स्टाफ तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने भजन-कीर्तन, जयघोष और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय परिसर श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक समरसता के संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया तथा भगवान श्री जगन्नाथ से सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।